## खबर संक्षेप

### आज 14 और कल 15 जनवरी दो दिन होगा निःशुल्क वस्त्र वितरण, 22 जनवरी को निकलेगी वाहन रैली

**मण्डला।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मण्डला जिले की धार्मिक संस्था सनातन धर्मोत्सव परिवार मण्डला के द्वारा 14 और 15 जनवरी को स्थान संगम घाट महाराजपुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में दोपहर 12 से 3 बजे तक मंडला जिले के दानदाताओं से प्राप्त वस्त्रों का निःशुल्क वितरण करेगी। मकर संक्रांति के अवसर में हर वर्ष तेज ठंड में मण्डला जिले के अलावा आस पास के अन्य जिले बालाघाट, सिवनी, डिंडोरी के हजारों श्रद्धालु मां नर्मदा के पूजन स्नान हेतु हर वर्ष आते हैं जिनमे ऐसे भी कई भक्त होते हैं जिनके पास तेज ठंड से बचने के लिए आवश्यक वस्त्र भी नहीं होते। उन्ही जरूरतमंदों के लिए प्रति वर्ष दान से प्राप्त वस्त्रों को एकत्रित कर निःशुल्क वितरित किए जाने की परंपरा सनातन धर्मोत्सव परिवार मंडला द्वारा किया जाता है। आगामी 22 जनवरी को जब अयोध्या में रामलला विराजेंगे उसी दिन श्रीराम मंदिर पड़ाव से सनातन धर्मोत्सव परिवार मंडला के द्वारा सुबह 9 बजे से दोपहिया वाहन में भगवा ध्वज के साथ रैली निकाली जानी है। पूरी वाहन रैली प्रभु श्री राम की झांकी और अयोध्या श्रीराम मंदिर के कटाऊट लगाकर पूरे शहर के मुख्य मार्ग में भ्रमण करेगी। शहर के विभिन्न संगठन और समाज प्रमुखों द्वारा जगह जगह इस वाहन रैली का स्वागत किए जाने के लिए धर्मावलंबियों ने अपनी इच्छा जाहिर की है। आयोजक संस्था सनातन धर्मोत्सव परिवार मंडला के द्वारा मण्डला जिले के शहरी ग्रामीण क्षेत्रों के सभी वर्गो के रामभक्तों से अनुरोध किया है सपरिवार भगवावस्त्र भगवा ध्वज के साथ इस वाहन रैली में दोपहिया वाहन से सम्मिलित हों। ये दिन हमारे जीवन के लिए ऐतिहासिक दिवस होगा अपने घर दीप प्रज्वलित कर अपने आस पास के स्थानीय मंदिरों में भी पूजन अर्चन भजन का आयोजन करें।

### पीएम जनमन अभियान के तहत 3 स्थानों पर लगे शिविर

**मण्डला।** प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए सामाजिक, आर्थिक पिछड़ापन दूर करने हेतु विभिन्न गतिविधियां क्रियान्वित की जा रही हैं। इसी क्रम में जिले की प्रत्येक बैगा बस्तियों में शिविरों का आयोजन कर बैगा परिवारों को शासन की योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार आज घुघरी के इमलीटोला, मवई के सोढ़ा तथा मोहगांव के खीसी ग्राम में विशेष शिविर आयोजित किए गए। शिविर में बैगाओं के आधार कार्ड, आयुष्मान पंजीयन, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, किसान सम्मान निधि, जाति प्रमाण पत्र तथा बैगा को पात्रता पर्ची प्रदान करने संबंधी कार्यवाही की गई।

## केबिनेट मंत्री संपतिया उईके ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

# चिकित्सक अपनी क्षमता का करें उपयोग





*** बेहतर स्वास्थ्य सुविधा हमारी प्राथमिकता।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मध्यप्रदेश सरकार की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री सम्पतिया उइके ने शनिवार को मंडला जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, सीएमएचओ डॉ. केसी सरौते सहित संबंधित मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ऑपरेशन थियेटर, डायलिसिस रूम, नवजात शिशु गहन चिकित्सा केन्द्र, मेटरनिटी एवं आईसीयू वार्ड तथा ब्लडबैंक का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से बात करते हुए उनकी कुशलक्षेम पूछी।

जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उईके ने कहा कि सभी चिकित्सक अपनी क्षमता का बेहतर उपयोग करते हुए मरीजों को अच्छा उपचार प्रदान करें। मरीजों से व्यवहार अच्छा रखें तथा उपलब्ध सुविधाएं समय पर प्रदान करें। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने दवाओं की उपलब्धता, मरीजों को दिए जाने वाले भोजन आदि के संबंध में भी उपचाररत मरीजों से फीडबैक लिया। कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने बीते 6 माह में जिला चिकित्सालय में किए गए मरम्मत कार्य, डायलेसिस सहित मशीनों की उपलब्धता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।


### समय पर पूरा करें क्रिटिकल केयर यूनिट का कार्य

जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उईके ने क्रिटिकल केयर यूनिट के निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण को उचित गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर डॉ सिडाना ने बताया कि क्रिटिकल केयर यूनिट में कुल ऑपरेशन थियेटर, आईसीयू वार्ड तथा लैब आदि भी बनाए जा रहे हैं। केबीनेट मंत्री संपतिया उईके ने मेटरनिटी वार्ड तथा ब्लड बैंक में किए गए रेनोवेशन कार्य की सराहना की।

### निर्माण तथा मरम्मत कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखें

मध्यप्रदेश सरकार की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री सम्पतिया उइके ने कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना के साथ मंडला नगर के उदय चौक, चिलमन चौक आदि का भ्रमण करते हुए नगर में किए जा रहे विभिन्न निर्माण एवं मरम्मत का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि नगर के प्रमुख सड़कों के मरम्मत का कार्य जल्द पूरा करें। जो सड़कें अधिक क्षतिग्रस्त हैं उनमें एक लेयर चढ़ाएं। कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखें। आवश्यकतानुसार सड़क चौड़ीकरण तथा पेवर ब्लॉक लगाने की कार्यवाही करें।

संपतिया उइके ने निर्देशित किया कि सीवर लाइन के कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत के कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उन्होंने संबंधितों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कायाकल्प अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी। भ्रमण के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने उदय चौक स्थित के बड़ी खाई का अवलोकन करते हुए प्रस्तावित कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, सीएमओ गजानंद नाफड़े सहित संबंधित उपस्थित रहे।



## अयोध्या गये कारसेवक आज सूर्यकुण्ड धाम में करेंगे पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

लगभग 500 वर्ष के लम्बे संघर्ष के बाद राम भक्तों का स्वप्न साकार होने जा रहा है। आने वाली 22 जनवरी को हम सभी के आराध्य रामलला अपने स्वयं के मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। इस क्षण के लिये न जाने कितनी पीढ़ियों ने संघर्ष किया और न जाने कितने राम भक्तों ने अपने जीवन का बलिदान दिया। पता नहीं कितनी बड़ी संख्या में राम भक्त रामलला के मंदिर के लिये अपने-अपने स्तर पर विभिन्न संकल्पों के साथ अपन भक्ति प्रदर्शित करते रहे हैं। इसी तरह की एक भक्ति हमारे मण्डला नगर के लोगों ने भी उस समय प्रदर्शित की जब उत्तरप्रदेश में समाजवादी पार्टी के मुलायम सिंह यादव की सरकार थी। यह घटना है अक्टूबर 2001 की जब विश्व हिन्दु परिषद बजरंग दल के द्वारा शिला पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बजरंग दल के पूर्व संयोजक कन्हैया ठाकुर के नेतृत्व में लगभग 40 कार्यकर्ता अयोध्या शिला पूजन के लिये मण्डला से रवाना हुये मण्डला से जबलपुर पहुंचे इन कार्यकर्ताओं के साथ अन्य प्रदेशों से आ रहे कार्यकर्ता भी शामिल हुये और जब यह काफिला अयोध्या पहुंचने के पूर्व बांदा पहुंचा तो मुलायम सरकार की पुलिस ने इन सभी कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया और फिर 4 दिन इन सभी कार्यकर्ताओं को बांदा जेल में ही रहना पड़ा बाद में इन्हें जबलपुर की ओर जाने वाली ट्रेनों में जबरन बैठाकर उत्तरप्रदेश से रवाना किया गया।

अब आज जबकि राम भक्तों का यह स्वप्न साकार होने जा रहा है ऐसे में इन कारसेवकों के मन मस्तिष्क में वह पुरानी घटना फिर से साकार हो उठी और इन कारसेवकों ने अपने पुराने अनुभव को याद करते हुये एक-दूसरे से संपर्क किया और यह कार्यक्रम बनाया कि सभी आज 14 जनवरी को एकत्रित होकर भगवान राम के अनन्य सेवक संकट मोचन महाबली हनुमान जी के धाम सूर्यकुण्ड धाम में पूजन अर्चन करेंगे और राम मंदिर निर्माण में जिन्होंने भ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग किया है उन सबके प्रति आभार प्रदर्शन करेंगे। साथ ही महाबली हनुमान से यह प्रार्थना करेंगे कि भगवान राम का यह आलौकिक मंदिर जो निर्माण हो चुका है और इसमें 22 जनवरी को रामलला विराजमान होंगे ऐसे में सभी राम भक्तों पर उनकी कृपा बनी रहे और अयोध्या नगरी त्रेता युग की याद दिलाते हुये जो उस युग में राम राज्य की शोभा थी उसी को चरितार्थ करते हुये न केवल अयोध्या में एक नयी दीपावली मनाई जाये बल्कि अयोध्या के साथ-साथ पूरे देश में राम राज्य स्थापित हो और 22 के बाद ये सभी एक साथ दर्शन के लिये अयोध्या जायें।

### बबैहा में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन

**नारायणगंज।** मध्यप्रदेश इको पर्यटन विकास बोर्ड के द्वारा प्रतिवर्ष प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह जागरूकता शिविरो का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष शासकीय उ.म. विद्यालय मंगलगंज के छात्र-छात्राओं ने अनुभूति कार्यक्रम में हिस्सा लिया। अनुभूति कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को प्रकृति पथ पर वनों, वन्य प्राणी, एवं पर्यावरण के महत्व तथा संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। प्रकृति की प्रत्यक्ष अनुभूति करवाई गई। प्रकृति में वन्य जीवों की भूमिका, पक्षी दर्शन, इकोसिस्टम के संतुलन के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में वन धन केंद्रो में बनी दोने-पत्तल, पापड़ आदि का उपयोग किया गया।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

*** शासकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



प्राचार्य डॉक्टर आई के यादव के संरक्षण में समाजशास्त्र विभाग, एन सी सी,और एन एस एस के प्रभारी ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये। एनसीसी के प्रभारी डॉक्टर राजेश मसतकर के द्वारा सुबह विद्यार्थियों और महाविद्यालय स्टाफ के साथ योग सूर्य नमस्कार और प्राणायाम करवाया गया। समाजशास्त्र विभाग की प्रभारी डॉक्टर ज्योति सिंह के द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमे डॉ. राम सिंह धुर्वे डॉ नवल सिंह लोधी डॉक्टर संजीव सिंह के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के आदर्श उनके कार्यों एवं उनके प्रेरणादायक बातों को विद्यार्थियों के बीच बताया गया। एनएसएस प्रभारी डॉक्टर जेएस उर्वेति के संयोजन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें अनेक विद्यार्थियों ने रक्तदान किया। विद्यार्थियों के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ डॉक्टर प्रियंका चक्रवर्ती डॉक्टर दीप्ति तोमर डॉ. नवल सिंह लोधी डॉ. संजीव सिंह डॉक्टर राजेश मसकर श्री राहुल विश्वकर्मा ने सहयोग दिया।

## 24 घंटे के अंदर पकड़ाया मोटर सायकल चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



दिनांक 12.01.2024 को सौरभ अग्रवाल निवासी बम्हनी बंजर की दुकान के ठीक पीछे मेन रोड पर हिटाची कंपनी के ए.टी.एम. मशीन में दिनांक 11.01.2024 की दरम्यानी रात्री ए.टी.एम. कक्ष में तोड़-फोड़कर चोरी करने का प्रयास किया गया है। दूसरी रिपोर्ट दुर्गेश निवासी वार्ड नं. 10 बम्हनी बजर द्वारा दिनांक 11.01.2024 के रात्री में अपनी मोटर सायकल एवेंजर जिसका नं. एम.पी.20 एम.ई. 6232 जिसे घर के सामने रोड के किनारे खड़ा मोटरसायकील कोई अज्ञात चोर रात्री चोरी कर ले गया। दोनो रिपोर्ट पर थाना बम्हनी में पृथक पृथक अपराध क्रं. 18/2024 धारा 457, 380, 511 भा.दवि. एंव अपराध क्रं. 21/2024 धारा 379 भा.द.वि. का कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी विजय सिंह ठाकुर थाना बम्हनी के द्वारा चोरी की वारदात के खुलासे के लिये टीम गठित कर अज्ञात चोरो एंव माल की तलाश पता साजी हेतु त्वरित कार्यवाही कि गयी। तलाश विवेचना के दौरान ए.टी.एम. कक्ष में लगे सीसीटीव्ही कैमरे की फुटेज का बारिकी से अवलोकन किया गया एवं अन्य जानकारी प्राप्त की गयी जिससे अज्ञात चोरो की पहचान अनिल उर्फ अन्नु पिता बंसत झारिया निवासी टिकरी बम्हनी एवं पी.पी. हरदहा निवासी बम्हनी के रूप में की जाकर आरोपी की तलाश पतासाजी की गयी। आरोपी अनिल झारिया को घेराबंदी कर पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई जिसे घटना के संबंध में पुछताछ कर आरोपी द्वारा अपने एक अन्य साथी के साथ ए.टी.एम. में चोरी करने हेतु जाने एंव बाईक चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा आरोपी अनिल उर्फ अन्नू झारिया से मोटरसाइकिल जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। मामले में अन्य आरोपी की गिरफ्तारी हेतु दबीश दी जा रही है।

**महोत्सव** | **महर्षि विद्या मंदिर में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन।**

# ज्ञानयुग दिवस के रूप में मनाया महर्षि जी का जन्मोत्सव

*** विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किये सांस्कृतक कार्यक्रम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





महर्षि विद्या मंदिर मण्डला में 12 जनवरी को परम पूज्य महर्षि महेश योगी जी का 107 वा जन्म महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य की कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती सम्पतिता उइके (PHE विभाग) थी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विक्रांत सारंगपानी (कमांडेंट CRPF) थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथी ने स्कूल की निरंतर प्रगति के लिए प्राचार्य की सराहना की। विशिष्ट अतिथि विक्रांत सारंगपानी द्वारा ज्ञान मैगजीन पत्रिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. उपेंद्र शुक्ला ने अपने उद्बोधन में अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने अभिभावकों को विश्वास दिलाया कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

इसी अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। आईआईटी रुड़की में चयनित विद्यालय के अभिसार गुप्ता का को भी सम्मानित किया गया। दसवीं के विद्यार्थियों में कुमकुम पटेल, निशु चहल और अथर्व राज शुक्ला को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रमुख डॉ. स्वल्पा बड़गैया ने किया। मंच संचलन अथर्व राज शुक्ला और ग्रुप ने किया। आभार प्रदर्शन विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका ममता शर्मा ने किया। टेक्निकल सपोर्ट नीलेश पटेल का रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के वीरेंद्र कोष्टि, नीरज शर्मा, सुरेन्द्र यादव,पंकज तिवारी, नेहा बाजपेयी, रेनू कछवाहा, सागर पटवा, भावेश बर्वे आदि विशेष योगदान रहा का रहा।





## नेहरू युवा केंद्र ने मना रहा युवा दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में आदित्य सिंह जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र, देवेंद्र द्विवेदी एपीए के निर्देशानुसार जवाहर नवोदय विद्यालय पदमी में स्वामी विवेकानंद का जन्मदिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में 12 से 19 जनवरी तक मनाया जा रहा है। जिसमें जवाहर नवोदय विद्यालय पदमी में स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में युवा सप्ताह के अंतर्गत 13 जनवरी को विविध कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य राकेश कुमार पांडे एवं युवराज ठाकुर उप सरपंच ग्राम पंचायत पदमी द्वारा स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। यह कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र के द्वारा संचालित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने विविध प्रतियोगिताओं में अपनी सहभागिता दी। भाषण प्रतियोगिता में रक्षा मरावी प्रथम रही तथा कविता पाठ प्रतियोगिता में दिव्य शंकर उपाध्याय प्रथम तथा ईशा तेकाम द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समूह गान में कक्षा छठवीं की छात्राएं प्रथम रही। समूह नृत्य में माइग्रेशन स्कीम के अंतर्गत उड़ीसा से आई छात्राएं प्रथम स्थान हासिल की नेहरू युवा केंद्र के द्वारा प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को ट्रॉफी एवं मैडल प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के उप प्राचार्य शंकर प्रसाद ने विवेकानंद के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग सुनाकर युवाओं का मनोबल बढ़ाया कार्यक्रम का संचालन अरुण कुमार वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिवम ठाकुर, अमन सिंह ठाकुर का योगदान रहा।



## खबर संक्षेप

### जान जोखिम में डाल लोग कर रहे ट्रेक्टर की सवारी

**नांदनेर।** नियम के विपरीत टेक्टरों की ट्रालियों में सवारियां ढोने का क्षेत्रों में चलन सा हो गया है। पुलिस की सुस्ती से आश्चर्य है कि ट्रेक्टर मालिकों पर नियंत्रण नही लग पा रहा है जिसके कारण सरेआम टेक्टरों की ट्रालियों पर सवारियां ढोई जा रही है। गौरतलब है कि टेक्टर की ट्रांलियों पर लोग पाव लटका कर और असावधानी से बैठते है जिसकी बजह से दुघर्टनाओं की अशंकाये बढ़ती चली जा रही है। इस परिपे्रक्ष्य में पुलिस प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि टेक्टर ट्रालियों पर सवारियां ढोने पर वह तत्काल प्रतिबंध लगाये।

### डस्टबिन के पास गंदगी फैला रहे मवेशी

**गाडरवारा।** नपा की ओर से जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए शहर में जहां तहां गीला व सूखा कचरा फेंकने के लिए जिस प्रकार से अच्छी सोच के चलते डस्टबिनों को तो रखवा दिया गया है, पर हकीकत यह है कि इन डस्टबिनों के आसपास भी कचरा बिखरा रहने से माहौल के प्रदूषण पर रोक नही लग पा रही है, इस प्रकार से नगर में चहुंओर विचरण करने वाले बिना धनीधोरी के मवेशी इन डस्टबिनों में खाने की चीजों की तलाश में मुंह डालकर या तो उनको उलटदेते है या फिर उनके भीतर का इकत्र हुआ कचरा डस्टबिनों के बाहर बिखरा देते है, जिसके चलते नपा द्वारा नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने की लगातार की जा रही मुहिम पर ग्रहण लगते हुए दिखाई दे रहा है।

### जहां तहां लगी हुई अंडा दुकानों पर शाम होते ही छलकने लगते हैं जाम

**सांईखेड़ा।** इससमय क्षेत्र में जहां खुलेआम सट्टा पट्टी काटी जा रही है, वही दूसरी ओर अनेक जगहों पर जुआ का खेल चलने की खबर आम बात हो चुकी है? वही वर्तमान में पुलिस की अनदेखी के चलते सड़क किनारे लग रही अंडा दुकानों पर शराब खोरी की शिकायतें लगातार आ रही हैं, बताया गया है कि नगर में जहां तहां लगने वाली अंडा दुकानों पर गिलास, नमकीन, पानी पाऊच की व्यवस्था होने से वहाँ शराबियों का जमाबड़ा लगा रहता है। देखा जावे तो इन दुकानों पर शराब पीकर बहक जाने वाले युवक राहगीरों के प्रति अशोभनीय भाषा का प्रयोग करने के साथ महिलाओं पर छींटाकशी करते हुए पूरे गांव का माहौल खराब कर रहे हैं।

### दुर्घटनाओं के सबब बने सड़कों पर डले खपड़े

**गाडरवारा।** जहां लोगों द्वारा सड़क पर किरकिरा बनाया जाता है,मगर इसके चलते अनेक दो पाहिया वाहन चालक जब सड़क से गुजरते है तो किरकिरा बन रहे खपरों से उनके वाहन फिसल कर गिर जाते है,अतः शासन प्रशासन से मांग की गई है सड़कों पर किरकिरा बनाने खपरे डाले जाने वालों पर कार्यवाही की जावे, जिससे लोगों की जिन्दगी सुरक्षित हो सके।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा नगर में हुआ भव्य आयोजन

# मतदाताओं ने जिस तरह भरोसा जताते हुये सेवा का दायित्व सौंपा है उससे मैं क्षेत्रवासियों का कर्जदार बन गया हूं- मंत्री राव उदय प्रताप सिंह








**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** प्रदेश सरकार द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन हितैषी योजनाओं का आम लोगों को लाभ पहुंचाने के लिये निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का बीते हुये शनिवार को गाडरवारा पहुंचने पर पालिका परिषद द्वारा नगर के पुराने कालेज खेल मैदान में विकसित संकल्प भारत यात्रा योजनांर्तगत वृहद स्तर पर शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा विभाग मंत्री श्री राव उदय प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य, नपा अध्यक्ष पं. शिवाकांत मिश्रा, उपाध्यक्ष श्रीमति वैशाली रीतेश राय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से मंचासीन अतिथियों में पूर्व विधायक श्रीमति साधना स्थापक, नरेश पाठक, ठा. भूपेन्द्र सिंह, मिनेन्द्र डागा, पूर्व नपा अध्यक्ष नवनीत चाचा, राजेन्द्र साहू, श्रीमति ममता पाण्डेय, जगमोहन मरैया, अनिल लूनावत, हंसराज मालपानी, अनूप जैन, राजेश जैन, ज्ञान कोचर, घनश्याम सिंह राजपूत, ऋचा स्थापक, डॉ. योगेश कौरव, मुकेश मरैया, राव संदीप सिंह, भाजयुमो जिअ प्रियांक जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष पियूष जैन पिंटा, श्रीमति शिरोमणि चौधरी, जिला पंचायत सदस्य धनंजय पटैल, राजीव ठाकुर, सुरेश श्रीवास्तव, अशोक भार्गव, बाबूलाल जाटव, कीरत सिंह, राजेश मोहन शर्मा, लवली खनूजा, राजकुमार पालीवाल, संजय राजौरिया, पंकज महाजन, राजीव ठाकुर सहित गाडरवारा नगर पालिका के समस्त पार्षदगण मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा कन्या पूजन के साथ करते हुये सभी उपस्थित अतिथियों एवं जनसमुदाय ने विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलाई गई। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुये शिक्षा व परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि कोई भी हितग्राही किसी भी योजना से न चूके इसके लिये हम हमेशा प्रयासरत हैं। बीपीएल कार्ड, उज्जवला गैस कनेक्शन से कोई भी गरीब वंचित नहीं रहेगा। स्व सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य हमारी सरकार कर रही है और महिलाओं के सम्मान में हर माह लाड़ली बहना योजना का क्रियान्वयन भी महिलाओं के खाते में राशि पहुंचाकर किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को सबकी चिंता है। गाडरवारा नगर के विकास के लिये नागरिकों की जिम्मेदारी भी है, शहर को स्वच्छ रखने के लिये सरकारी कर्मचारी के साथ आपकों सहयोग करना जरूरी है, तभी हमारा गाडरवारा एक नंबर पर स्वच्छता में गिना जाएगा। आगामी समय में नई गल्लामण्डी में निर्माण कार्य चल रहा है, सड़क के किनारे हरे भरे वृक्ष लगाएंगे और करीब 1-2 किमी की सड़क को धूल रहित करेंगे, इसके लिये हम प्रयास कर रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने मंच से खुले शब्दों में कार्यक्रम में मौजूद नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जिनेश जैन को संबोधित करते हुये कहा कि आज बडी खुशी की बात है कि यहां पर मौजूद नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष जिनेश जैन कहने के लिये तो वह प्रतिपक्ष के है मगर हमारे पक्ष के है मगर हमारे पक्ष के अधिक है..., आज इस कार्यक्रम में का स्वागत है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि जब मुझे पार्टी ने टिकिट दी गई थी तो लोग कहते थें की में बाहरी हूं, मगर इस बाहरी बेटा को क्षेत्र गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र की जनता ने जिस तरह विश्वास जताते हुये स्नेह दिया है उसके चलते मैं गाडरवारा क्षेत्रवासियों का कर्जदार बन गया हूं और इस कर्ज को चुकाने के लिये मैं कोई कसर नही छोडूगा आप लोगों के सहयोग से गाडरवारा क्षेत्र सूरत बदलने में रात दिन लगा रहूंगा। मध्य प्रदेश की मंत्री मंडल में शायद ही कोई ऐसा मंत्री होगा जिसने 3 बजे राजधानी में शपथ ली गई होगी और वह रात के 9 बजे अपनी माँ का आर्शीवाद लेने के बाद अपने क्षेत्र की जनता के बीच दिखाई देने लगा हो वह मंत्री मैं हूं..। क्योंकि मुझे मुझे मेरे क्षेत्र की जनता के प्यार ने इस तरह से जकड लिया है जितना तनाव मुझे सांसद के रूप में 15 वर्ष नही रहा है उससे अधिक तनाव अब मंत्री के रूप में रहता है कि मेरे क्षेत्र के मतदाताओं की सेवा में कोई चूक न हो जावे और इसी का परिणाम है कि मैं हर हप्ते आप लोगों के बीच दिखाई देने से नही चूकता हूं। इस तरह क्षेत्र के विधायक व कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा क्षेत्र के मतदाताओं के प्रति अपना आभार व्यक्त किया गया। वही कार्यक्रम को नपा अध्यक्ष पं. शिवाकांत मिश्रा ने भी संबोधित करते हुये कहा कि गाडरवारा क्षेत्रवासियों के लिये बडा ही सौभाग्य है कि हम लोगों को इस तरह का नेतृत्व मिला है जों प्रदेश की जिम्मेदारी निभाते हुये आये दिन हम लोगों के बीच नजर आने से नही चूकता है और इस आज से शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक हितग्राहियों को केन्द्र एवं मप्र शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिये हम लोगों के बीच मौजूद है। क्योंकि हमारे नेता की नियत और इरादा निष्छल है, उन्हें नगर के हितग्राहियों की चिंता है, उन्हें गाडरवारा की चिंता है। यही कारण है कि नगर में आज इतने बड़े षिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक हितग्राहियों को केन्द्र एवं मप्र शासन की योजनाओं का लाभ मिले इसीलिये इस शिविर का आयोजन हुआ है। इस दौरान अध्यक्ष मिश्रा ने कहा कि आगामी समय में पीएम आवास की चौर्थी लिस्ट की स्वीकृति करांएंगे जिससे बचे हुये सभी हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ मिल सके, युवाओं के लिये नगर में इण्डोर स्टेडियम, तालाब सौंदर्यकरण, कॉलेज निर्माण कार्य हमारे लाडले मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा कराया जावेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक व कैबिनट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा सहित अन्य अतिथियों द्वारा मंच से उज्जवला गैस योजना के 05 कनेक्शन शुभ इण्डेन द्वारा, धारणाधिकार योजनांर्गत 70 पट्टों का वितरण के आलवा आयुष्मान भारत योजना के 05 कार्ड तथा संबल कार्ड 20, पीएम स्वनिधि योजना के 30 स्वीकृति पत्र, पेंशन योजना के 13 स्वीकृति पत्र, पीएम आवास योजना के 05 स्वीकृति पत्र, 17 पात्रता पर्ची, राष्ट्रीय परिवार सहायता 07, संबल योजनांर्तगत अनुग्रह सहायता 9, हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। वही इस कार्यक्रम में नगर के न्यूएज पब्लिक स्कूल, आदर्श उमा शाला, कन्या नवीन उमा शाला, कन्या उमा शाला की छात्र- छात्राओं द्वारा नृत्यों एवं गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। सभी हितग्राहियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वार्षिक कैलेण्डर एवं योजना संबंधी पुस्तिका का वितरण किया। एसबीआई बैंक, पीएनबी बैंक द्वारा पीएम जनधन योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा, पीएम सुरक्षा बीमा की जानकारी दी। पशुपालन विभाग द्वारा 03 प्रमाण-पत्र मैत्री गौसेवक योजना के तहत प्रदान किये। कार्यक्रम में कृष्णा, दुर्गा, एवं राधिका स्वसहायता समूहों द्वारा विविध प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी के लिये समस्त विभागों के स्टॉल लगाए गये। जिनमें प्रमुख रूप से नगर पालिका परिषद, राजस्व विभाग, शहरी विकास अभिकरण, पशु चिकित्सा विभाग, उज्जवला योजनांर्तगत शिविर, महिला बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, उघोग विभाग, मत्स्य विभाग, कृषि विभाग के स्टॉल मौजूद रहे। जिनमें उपस्थित अधिकारी कर्मचारियो द्वारा हितग्राहियों को योजना मूलक जानकारियां प्रदान की गई। वही कार्यक्रम के दौरान अनुविभागीय अधिकारी कलावति व्यारे, उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, नगर निरीक्षक विक्रम रजक, तहसीलदार सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी जयश्री चौहान सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद थें। वही कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन पार्षद चंद्रकांत शर्मा तथा सुरेन्द्र गुर्जर द्वारा किया गया।

## कई एकड़ जमीन और नलकूप सहित पक्के घर में होने के बाद भी गरीबों की सूची में नाम



**हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर।** शासन की योजनाओं में मनमानी करना शायद अधिकारियो का आदत में बनता जा रहा है और इसी का परिणाम है कि सरकार द्वारा गरीबों का उद्वार करने के उद्वेश्य से चलाई जा रही अनेक योजनाओं के बाद भी गरीबों की स्थिति जहां की तहां है ओर आपत्र जरूर धनवान बनने में कोई कसर नही छोड़ रहे है? इस बात की सच्चाई नगर सहित जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में देखने मिल सकती है जहां पर बताया जाता है कि जिस तरह से गरीबी रेखा व अति गरीबी रेखा सूची में लापरवाही की गई है, उससे पात्र लोगों के नाम तो नही जुड़े नही है, किन्तु अपात्रों के नाम अवश्य जोड़ दिये गये है? जिसके चलते शासन की योजनाओं के चलते गरीबों को मिलने वाले हक का उपयोग अपात्र लोग आसानी से उठाते हुए देखे जा रहे है? वही दूसरी ओर वास्तविक पात्र हितग्राही रोजी रोटी की तलाश में भटकने के लिए मजबूर हो रहे है? यदि इस क्षेत्र की गरीबी व अतिगरीबी रेखा सूची पर गौर किया जावे तो अनेक गांवों में इस प्रकार के लोग मिल सकते है जिनके कई एकड़ खेतों में बने हुए नककूप्पों में मोटरे चल रही है और वह गरीबी रेखा की योजनाओं के हकदार बनते हुए शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए लाइनों में सबसे पहले दिखाई देते है? यदि इमानदारी के साथ इस क्षेत्र की गरीबी रेखा सूची का ईमानदारी के साथ निरीक्षण किया जावे तो अनेक पंचायतों में इस प्रकार के गरीब मिल सकते है जो कई एकड़ जमीन के कास्तकारो होने के साथ साथ जिनकी पक्की बिल्डिग बनी हुई बिल्ड़गों से कूलरों की डंडी हवाये निकल रही है, उन लोगों को इस सूची में शामिल करना अधिकारियों की लापरवाही या फिर प्रभावशालियों के दबाव का नतीजा ही माना जा सकता है? जिसके चलते अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा शासन के आदेशों को दर किनार करते हुए गरीबों की योजनाओं के हकदार साधन संपन्नों को बना दिया गया है? जबकि गौर किया जावे तो क्षेत्र में अनेक भूमिहीन गरीब इस प्रकार से घूमते हुए देखे जा सकता है जो शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए जहां अधिकारियों के चक्कर काटने के लिए मजबूर देखे जा रहे है? जिस प्रकार की कार्य प्रणाली के चलते शासन की योजनाओं में पलीता लगाया जाना आम हो चुका है, जो गरीबों का हक अमीरों के लिए वरदान बना हुआ है? क्षेत्र वासियों का कहना है कि एक ओर जहां सरकार तो खुलीमंचों से गरीबों को लाभ देने की बात कह रही है मगर उन गरीबों को उनकी योजनाओं का लाभ लेने के लिए पात्र बनने ही नही दिया जा रहा है, यदि यहां की सूचियों की जांच की जावे तो गरीबों रेखा में ऐसे लोग पाये जा सकते है जिनके खेतों की सिंचाई करने के लिए कई नलकूपों से पानी निकाल रह है और वह गरीबी रेखा के माध्यम से सरकार द्वारा गरीबो के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर अतिक्रमण किये बैठे हुए है।

## मकर संक्राति पर्व के चलते माँ नर्मदा सहित मेलों में उमडेगा जन सैलाब आज और कल

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** आज रविवार को शहर एवं क्षेत्र के गांवों में मकर संक्राति का का पर्व बड़े ही श्रद्वा व उत्साह के साथ मनाया जाएगा तथा क्षेत्र के नर्मदा तटों पर जहां भक्तों का जन सैलाब आज 14 जनवरी एवं कल 15 जनवरी दोनों दिन उमड़ेगा। क्योंकि इस वर्ष मकर संक्राति का पर्व 14 की जगह 15 जनवरी को होने के चलते लोगों द्वारा दोनों ही दिन मकर संक्रांति मनाई जावेगी। वही दूसरी ओर क्षेत्र के कोठिया नर्मदा घाट, झिकोली घाट सहित अन्य नर्मदा घाटों के आलवा नगर की शक्कर व सीतारेवा नदी के संगम में भरने वाले मेलों में भी जन सैलाब उमडने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। मकर संक्राति को लेकर नगर के ज्योतिषो के अनुसार इस वर्ष मकर संक्राति का शुभ महत्व आज रविवार 14 जनवरी से शुरू होगा तथा कल 15 जनवरी रविवार को पूरे दिन भर विशेष रहेगा, जिसके चलते इस दिन दान पुण्य का अधिक महत्व होगा इस तरह आज जहां 14 जनवरी जहां परम्परागत मकर संक्राति रहेगी तो कल विशेष योग वाली रहेगी इस तरह दो दिन ही लोगों द्वारा मकर संक्राति का पर्व मनाया जावेगा। वही दूसरी ओर हिन्दू धर्मावलंबियों का यह सौभाग्य है कि इस बार सर्वार्थ सिद्दि योग में आ रही मकर संक्राति अत्यंत शुभ पारिजात योग भी बन रहा है, इसलिए श्रद्वालुओं को चाहिये वे माँ नर्मदा जी में स्नान करने के साथ साथ भगवान की आराधना, वंदना करते हुये तिल, लड्डू व खिचड़ी के आलवा वस्त्रों का दान कर



धर्म लाभ प्राप्त करे। क्योंकि इस प्रकार से शुभ संकेतों के साथ बड़े ही अंतराल के बाद संक्राति आ रही है। इस तरह नर्मदा तटों पर उमड़ने वाली भीड़ को लेकर शायद प्रशासन की तैयारियों नकाबिल नजर आने से नही चूक पा रही है? जबकि गौर करने वाली बात तो यह है कि गाडरवारा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लिंगा खुर्द नर्मदा घाट पर बीते हुये लगभग तीन वर्षो से लगातार घटनायें घटित होते देखने मिल रही है। इस बात को ध्यान में रखते हुये क्षेत्रवासियों द्वारा नर्मदाजी के लिंगा खुर्द घाट पर शासन प्रशासन से विशेष नगर रखने क अपेक्षा जताई गई है।

## आंगनबाडियों में मंगल दिवस योजना बदहाल, सक्षम अधिकारियों की कार्यशैली पर खड़े हो रहे सवाल?

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएँ अपने गंतव्य स्थानो पर पहुंचा तो दी जाती है, किन्तु उसके संचालन के लिए जिन अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारियां सौंपी जाती है वे पूरी तरह से लापरवाही की भेंट चढ़ जाती है। कुछ ऐसा ही जनपद पंचायत सांईखेड़ा क्षेत्र की अनेक आंगनवाड़ियो मे देखने को मिल रहा है, जहां मंगल दिवस योजना अमंगल दिवस बनती नजर आ रही है? दर असल आंगनवाडी केन्द्रो मे पोषण आहार योजनार्तगत हर माह के मंगलवार के दिन विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। किन्तु इन कार्यक्रमो में भी जमकर पलीता लगाते हुए जान पड़ रहा है? ग्रामीण क्षेत्रों में जन चर्चाओं के माध्यम से मिल नही जानकारियों के अनुसार अनेक आंगनवाड़ियों में यह योजनाए बराबर संचालित नही होती है, जिसमें देखा जावे तो सबसे दयनीय हालत ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों के आंगनवाडी केन्द्रों की है जहां न तो विभाग के अधिकारी और न ही कोई कर्मचारी निरीक्षण करने पहुंचता है? ऐसे में नाम मात्र की कार्रवाई कर दी जाती है। इन आंगनवाडियों की स्थिति की सच्चाई पर गौर किया जाए तो वे बदहाल स्थिति से जूझ रही है न वहां बैठने की पर्याप्त व्यवस्था है और न ही सामान रखने की है। वही कुछ आंगनवाडी भवनों की हालत जर्जर हो चुकी तो कुछ टूटे मकानों में संचालन हो रहा है। इस तमाम बातो पर ध्यान तो ऐसे में योजनाओं का संचालन कैसा होगा यह स्वयं सिद्व है, पर्याप्त मात्रा में आने वाली राशि कब और किधर जा रही है इसका कोई पता भी नही, जिन कार्यक्रमों का संचालन किया जाना चाहिए उसके लिए सामग्री भी नही मिलती ओर मिलती भी है तो गायब हो जाती है। आंगनवाड़ियों के माध्यम से बच्चो, महिलाओं और किशोरी बालिकाओं की देखभाल और उनके स्वास्थ्य मे सुधार लाने के लिए जो तैयारियां की गई है उसमे दिल चस्पी ना तो आंगनवाड़ियो की कार्यकर्तता और सहायिकाओं में है और ना ही अधिकारियों मे, आंगनवाडियों मे मंगल दिवस योजना पोषण आहार योजना वर्ष 2007-08 के तहत बनाई गई है, जिसके तहत हर माह के मंगलवार को अलग अलग कार्यक्रम करना है, प्रथम मंगलवार को गोद भराई, दूसरे मे अन्न प्राशन, तीसरे मे जन्म दिवस और चौथे मंगलवार को किशोर बालिका दिवस मनाना है। कार्यक्रम का उद्वेश्य बच्चो की उपस्थिति बढ़ाना, सुरक्षित प्रसव, मातृ एवं शिशु मृत्युदर मे कमी कुपोषण कम करना, किशोरी बालिकाओ को आयरन फोलिक ऐसिड व डी वार्मिग की गोलिया वितरण करना है।

## बिजली की ऑख मिचौनी से शहर से लेकर ग्रामीणजन हो रहे परेशान, अधिकारी नहीं दे रहे हैं ध्यान

**हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर।** इस समय देखा जा रहा है कि जहां बिजली विभाग द्वारा शहर से लेकर ग्रामवासियों को मन माफिख बिल देते हुए महगांई के दौर में उनकी घरों के बजट को विगाड़ते हुये उत्सह को तो फीका कर दिया गया है। मगर वही दूसरी ओर जिस प्रकार से बिजली कटौती की जा रही है उसके चलते लोगों को मुश्किल में डाल दिया गया है। बताया जाता है कि इस समय शहर से लेकर गॉवो में जिस प्रकार से बिजली की ऑख मिचौली चल रही है, उसके चलते लोग परेशान हो रहे है तो वही दूसरी ओर बच्चें अपनी पढ़ाई नही कर पा रहे है। इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया जाता है तो उनके द्वारा कह दिया जाता है कि अचानक बिजली लाईन में खराबी आ जाने के कारण बंद हुई है सुधार कार्य चल रहा है। जबकि गौर किया जावे तो पूर्व बिजली विभाग द्वारा सुधार के नाम पर संपूर्ण नगर की बिजली बंद रखी गई थी, और कहा गया था कि अब जरूरत के दौरान लोगों को बिजली की परेशानी का सामना नही करना पड़ेगा। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि क्षेत्र में प्रतिदिन दिन रात में अनेकों को बार बिजली अचानक बंद हो रही है, जिससे बिजली विभाग द्वारा पूर्व के समय में किये गये सुधार कार्य को लेकर जहां अनेक सबाल खड़े हो रहे है। वही दूसरी ओर यह सबाल भी उठ रहा है कि आखिर में किस प्रकार से सुधार हुआ था जिसके चलते अब बारिश के समय में लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जो जरा सा पानी गिरते ही बिजली बंद हो रही है। अब सबाल यही पैदा हो रहा है कि क्या बिजली सुधार कार्य के नाम पर सिर्फ औपचारिकता ही निभाई गई थी या फिर शासन के पैसा की होली खेली गई थी? इस प्रकार से बिजली की आंख मिचोली के चलते सर्वधिक परेशानी नगर के उन रिहाईशी इलाकों के निवासियों को हो रही है, जहां पानी की सप्लाई नलकूपों के माध्यम सें की जाती है। इन इलाको में बार बार बिजली बंद होने से पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इस प्रकार से लगातार हो रही बिजली की अघोषित कटौती को लेकर नागरिको का कहना है कि शाम ढलने के साथ ही बिजली की ऑख मिचौली शुरू हो जाती है जो लगभग सारी रात व दिन में भी जारी रहती है?



## पुलिस की आंखों के सामने से गुजर रहे ओवर लोड वाहनों की सच्चाई को किया जा रहा नजर अंदाज

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** भले ही पुलिस द्वारा यातायात नियमों की दुहाई देते हुये जहां तहां सड़को पर खड़े होकर आये दिन छोटे वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये उनके चालान काटने से नही चूकती है, मगर उन ओवर लोडिंग वाहनों को क्यों नजर अंदाज किया जाता है यह सच्चाई जहां समझ से परे होते हुये जान पड़ रही है। वही दूसरी ओर यही कारण क्षेत्र में घटित होने वाली बड़ी दुघर्टनाओं में तब्दील होने से नही चूकता है? यदि सांईखेड़ा क्षेत्र की सच्चाई पर गौर किया जावे तो क्षेत्र की सड़को पर जिस प्रकार से ओवर लोडिंग सवारी वाहन दौड़ते हुये देखे जा रहे है उसे देखकर इस बात का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है कि इस प्रकार की ओवर लोडिंग पुलिस की



मिली भगत के बगैर हो पाना तो संभव हो ही नही सकता है? क्योंकि वाहन चालकों द्वारा जिस प्रकार से यातायात नियमों को दर किनार करते हुये अपने वाहनों के अंदर भेड बकरी के समान सबारी बैठाई जाती है उससे कही अधिक सवारी वाहनों के पीछे लुमा दी जाती है, जिसकी सच्चाई यह तस्वीर उजागर करने से नही चूक रही है, इस प्रकार से ओवर लोडिंग वाहन यदि किसी स्थिति कें चलते दुर्घटना ग्रस्त हो जाता है तो इसमें बैठे हुई सबारियों का क्या हाल होगा इसका अनुमान लगाना शायद ही मुश्किल हो सकता है? इतना ही नही यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो जहां क्षेत्र की सड़को पर लोडिंग के लिये नाम पर दर्ज आटों में भी धडल्ले से वाहन मालिकों द्वारा सवारी बैठते हुये दौड़ाने से नही चूक रहे है, जबकि आरटीओ के नियम के अनुसार जहां लोडिंग के नाम पर दर्ज वाहनों का उपयोग सिर्फ लोडिंग के लिये किया जा सकता है उनमें किसी भी प्रकार से सवारी ढोना नियम विरूद्व माना जाता है, मगर वर्दी के आर्शीवाद के चलते धडल्ले से नियमों की अव्हेलना होते हुये दिखाई देने के बाद भी पुलिस की भूमिका संरक्षण की मुद्रा में दिखाई देने से नही चूक पा रही है।

## खबर संक्षेप

### जनपद पंचायत प्रांगण मेंहदवानी में चलाया स्वच्छता अभियान



**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।** पंचायत राज संचालनालय के पत्रानुसार कलेक्टर डिंडौरी विकास मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत के निर्देशानुसार स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता शिविरों का आयोजन 11 से 15 जनवरी 2024 तक किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को ग्राम पंचायत मेंहदवानी के द्वारा स्वच्छता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सुबह 8 बजे से जनपद पंचायत प्रांगण मेंहदवानी में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अन्तर्गत साफ सफाई किया गया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती श्यामा भवेदी,भाजपा जिला उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद साहू, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, महामंत्री गुलाब भवेदी, बैजनाथ साहू,ब्रजेश साहू,जनपद पंचायत मेंहदवानी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अरविंद कुमार बोरकर, स्वच्छ भारत मिशन के ब्लाक समन्वयक योगेन्द्र कुमार झारिया सहित जनपद पंचायत मेंहदवानी के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे और सभी ने मिलकर साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

### डिंडौरी में अनियंत्रित होकर पलटी अर्टिगा कार, चालक की मौत

**हरिभूमि न्यूज समनापुर।** समनापुर में एक अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर पलट गई घटना में चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई ,सड़क हादसे से कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है,घटना की जानकारी लगते ही घटना स्थल मे काफी भीड़ एकत्रित हो गयी वहीं परिवार में मातम छा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजय गोप पिता केशव गोप 27 वर्ष,समनापुर थाना अंतर्गत स्कूल मोहल्ला का रहने वाला है,जो किसी काम से खाम्ही तरफ गया था।

- जि.प. सदस्य ने कहा राशि की वसूली की जाये


# कागजों में सिमटी सरकार की मंशाः कमीशन के सब हकदार तो भ्रष्टाचार के लिए कौन



**उपयंत्री बीडी हरदहा ने स्थापित किया भ्रष्टाचार का कीर्तिमान**
**मनरेगा योजना की करोड़ों दुरुपयोग पर किस पर होगी जवाबदेही तय**







हरिभूमि न्यूज डिंडौरी । केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत सरोवर योजना में जिम्मेदार अधिकारियों ने किस कदर भ्रष्टाचार किया इसकी बानगी देखनी हैं तो समनापुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़रिया में रोजगार गारंटी योजना के तहत लगभग 96 लाख रुपये खर्च कर बनाये गए अमृत सरोवर को देखा जा सकता हैं।

भ्रष्टाचार का बड़ा मामला उजागर होने के बाद भी आरईएस विभाग के उपयंत्री बीडी हरदहा के विरूद्ध प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई नही की जा रही हैं। आजादी के अमृत उत्सव के अंतर्गत केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत सरोवर योजना के तहत 10 हजार क्यू. मीटर क्षमता के अमृत सरोवर निर्माण कार्य कराया जाना था, जिससे आजादी के अमृत उत्सवर की लंबे समय तक यादगार बनी रहें लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने अमृत उत्सव के नाम पर सरकारी धन का खुलेआम दुरुपयोग करते हुए अपनी झोली भरने में कोई कसर नहीं छोड़ी है,ऐसे स्थलों का चयन किया गया जहाँ बूंद भर पानी ठहरना मुमकिन नहीं है, लेकिन कार्यो के नाम पर चहेते सप्लायरों के साथ मिलीभगत कर मटेरियल के नाम मोटी रकम की कमाई की है,देखा जाए तो स्थल चयन करने वाले उपयंत्री बीडी हरदहा ने पद और अधिकार का दुरुपयोग करते हुए पड़रिया के मुरुम पहाड़ में तालाब निर्माण कार्य का प्राक्कलन बनाकर 96 लाख रुपये स्वीकृत करा लिया, इतना ही नही निजी भूमि होने पर भूमि स्वामी से भू दान कर अमृत सरोवर का निर्माण करा लिया, लेकिन बरसात थमते ही तालाब में पानी की एक बूंद नही है,जबकि उपयंत्री बीडी हरदहा के द्वारा कारनामे पर पर्दा डालने के लिए तालाब के तल में पॉलीथिन बिछाया गया था, इसके बावजूद अमृत सरोवर सूख कर गड्ढा हो गया है, ऐसे में केंद्र सरकार की स्थनीय लोगों को मछली उत्पादन और सिंघाड़े उत्पादन समेत तालाबो को पर्यटन के तौर पर विकसित किये जाने की मंशा सिर्फ कागजों में सिमट कर रह गया है।

**करोड़ो रूपये दुरुपयोग के लिए कौन जिम्मेदार..?**

एक तरफ मोदी सरकार के द्वारा भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉरलेन्स की नीति अपनाने का दावा किया जाता हैं, वही दूसरी ओर मोदी सरकार के महत्वाकांक्षी योजना पर जिम्मेदार खुलकर भ्रष्टाचार करते हुए सरकारी राशि का दुरुपयोग करते हुए स्वयं की झोली भरने में आमादा हैं। समनापुर जनपद पंचायत के पड़रिया में 96 लाख रुपये की लागत से बनाये गए अमृत सरोवर यदि अनुपयोगी हैं, निर्माण कार्य से सरकार की जनहित की मंशा और योजना का उद्देश्य पूरी नही हो रही हैं, और अधिकारियों ने आँख बंद कर करोड़ो रूपये लूटा दिए हैं तो इसके लिए कौन जिम्मेदार हैं.. या किसकी जवाबदेही तय की जाएगी... या फिर करोड़ो रूपये की बर्बादी के लिए कोई जिम्मेदार नहीं हैं...? एक तरफ ग्राम पंचायतों के निर्माण कार्य अनुपयोगी होने पर सरपंचध्सचिवों से कठोर कार्रवाई कर राशि वसूली की कार्रवाई की जाती हैं,लेकिन ग्रामीण यांत्रकी विभाग पर शासन प्रशासन कुछ ज्यादा ही मेहरबान नजर क्यों आता हैं। जन चर्चा है कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत सरोवर योजना में नीचे से लेकर ऊपर तक जमकर कमीशनखोरी का खेल खेला गया है जिसके चलते कमीशन के सब हकदार हैं लेकिन भ्रष्टाचार के लिए कोई जिम्मेदार नही है या किसी की भी जवाबदेही तय नही की जायेगी..?

**जिला पंचायत सदस्य ने कहा दुरुपयोग राशि की हो वसूली**

मामले को लेकर जब जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हेमवती राजपूत से बात की गई तो उन्होंने कहा कि करोड़ो रूपये खर्च के बाद निर्माण कार्य से आमजनों को कोई लाभ नही मिल रहा है, बरसात थमने के साथ ही पानी सूख जाता हैं, जो कि सरकारी धन का खुला दुरुपयोग है, जिला प्रशासन के द्वारा मामले की जाँच कराकर राशि दुरुपयोग करने वालो पर जवाबदेही तय किया जाना चाहिए और राशि वसूली की कार्रवाई की जानी चाहिए।

**इनका कहना हैं....**

अमृत सरोवर निर्माण में उपयंत्री द्वारा पद और अधिकार का दुरुपयोग करते हुए सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है,तालाब निर्माण में की गई मनमानी की जांच कर दोषियों पर जवाबदेही तय की जाए और राशि वसूली की कार्रवाई की जाए।

**श्रीमती हेमवती राजपूत, जिला पंचायत सदस्य, समनापुर**

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु भाजपा की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न



**डिंडौरी।** भारतीय जनता पार्टी जिला भाजपा कार्यालय डिण्डौरी मे जिला बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यरूप से भाजपा राष्ट्रीय मंत्री व शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, भाजपा जिलाध्यक्ष अवध राज बिलैया, प्रदेशकार्यसमिति सदस्य नरेन्द्र सिंह राजपूत मौजूद रहें। बैठक के पूर्व सभी पदाधिकारियों ने दीप प्रज्जवलन कर भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तेलीय चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक प्रारंभ की। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अवध राज बिलैया ने कहा कि अयोध्या मे भव्य श्रीराम मंदिर के उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ देश के गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है। श्रीराम मंदिर भारत ही नही बल्कि पूरी दुनिया देखेगी श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण किया जायेगा। यह समारोह 16 जनवरी से शुरू होकर 22 जनवरी को दोपहर मे श्रीराम मंदिर के गर्भगृह मे रामलला को विराजमान करने का निर्णय लिया गया है। अयोध्या मे रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए वैदिक अनुष्ठान एक हफ्ते से शुरू हो जायेगा। जिसमें सामुहिक मंदिरों मे सुन्दरकांड पाठ का आयोजन, 17 जनवरी को महाआरती, 18 जनवरी को भजन सत्संग, 19 जनवरी शक्ति उपासना दुर्गा चालीसा, 20 जनवरी को सामुहिक हनुमान चालीसा, 21 जनवरी को प्रभात फेरी व 22 जनवरी को सामुहिक एलईडी या प्रोजेक्टर के माध्यम से लाईव देखने का कार्य किया जाना है। भाजपा राष्ट्रीय मंत्री व शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि जिस मंदिर के लिए अनेको कार्यकर्ताओं आमजनों ने अपनी कुर्बानी दी है 500 वर्ष के लम्बे इंतजार के बाद आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार मे यह रामंदिर का कार्य सम्पन्न होने जा रहा है। भाजपा के जिला, मण्डल व मतदान केन्द्र स्तर तक सभी पदाधिकारियों की सहभागिता हो इसकी चिंता करना है। वहीं अयोध्या श्रीराम मंदिर मे दर्शन के लिए 25 जनवरी से पंजीयन कार्यक्रम किया जायेगा जिसमें आधारकार्ड एवं मोबाईल नं. अनिवार्य होगा। हम सभी का सौभाग्य है कि श्रीराम मंदिर का पूर्ण निर्माण सम्पन्न हो चुका है अब भारत को दुनिया मे श्रीराम मंदिर के नाम से अलग ही पहचान मिलेगी। उक्त बैठक का संचालन मण्डल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ठाकुर व आभार जिला कार्यालय मंत्री पुनीत जैन ने व्यक्त किया। बैठक मे प्रदेशकार्यसमिति सदस्य नरेन्द्र सिंह राजपूत, जिला महामंत्री जयसिंह मरावी, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, जिला उपाध्यक्ष बद्रीप्रसाद साहू, मनोहर सिंह ठाकुर, महेश पाराशर, प्रीतम मरावी, जिला मंत्री मनका वनवासी, जिला मीडिया प्रभारी सुधीरदत्त तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष स्कंद चैकसे, सोशल मीडिया जिला संयोजक पवन शर्मा, अविनाश सिंह सैनी, आईटी संयोजक राहुल पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष हेमसिंह राजपूत, बीरेन्द्र साहू, राजकुमार मोगरे, युवामोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश सिंह परस्ते, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश सिंह धुमकेती, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष परसराम नागेश, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नरवदिया मरकाम, पि.वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष दशरथ सिंह राठौर, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक सुरेश नायक, शिक्षक प्रकोष्ठ जिला संयोजक डॉ. प्रदीप कुमार द्विवेदी, मण्डल महामंत्री भागीरथ उरैती, सुदामा बर्मन, कुंवरिया मरावी, संदीप कांसकार, लक्ष्मी यादव, देवेन्द्र पाण्डे, रजनी श्रीवास, शान्तनु पाठक, दुर्गेश जोगी सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहें।

# महिलाओं की जिद थीम पर खेल प्रतियोगिता आयोजित



**मेंहदवानी में आयोजित कबड्डी, खो-खो, रस्साकस्सी में महिलाओं ने दिखाया दम**

**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।** शनिवार को उप तहसील मैदान मेंहदवानी में ग्राम पंचायत मेंहदवानी के द्वारा खण्ड स्तरीय खेल कूद एवं सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रतिस्पर्धा नहीं सहभागिता की भावना से खेलें एवं खेल के प्रति महिलाओं की जिद थीम पर आयोजित प्रतियोगिता में परंपरागत कबड्डी, खो-खो, रस्साकस्सी,जलेबी दौड़ एवं वालीबाल खेल का आयोजन किया गया जिसमें बालक वर्ग के कबड्डी प्रतियोगिता में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कठौतिया प्रथम एवं उत्कृष्ट विद्यालय मेंहदवानी स्थान प्राप्त किया।इसी तरह बालिका वर्ग के कबड्डी प्रतियोगिता में आजीविका मिशन की महिलाएं प्रथम तथा मॉडल स्कूल मेंहदवानी की छात्राएं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खो-खो प्रतियोगिता में महिला एवं बाल विकास विभाग की महिलाएं प्रथम एवं आजीविका मिशन की महिलाएं द्वितीय रहीं। कुर्सी दौड़ में आजीविका मिशन की पियरिया बाई प्रथम रही।जलेबी दौड़ में गीता बाई प्रथम, गायत्री द्वितीय एवं उर्मिला तृतीय स्थान पर रही। रस्साकस्सी में आजीविका मिशन की महिलाएं विजेता रहीं। बालक वर्ग वालीबाल प्रतियोगिता में भोंड़ासाज विजेता एवं बगली उपविजेता रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा गोल्ड मेडल एवं शील्ड प्रदान कर खेल के प्रति महिलाओं की जिद का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत मेंहदवानी के अध्यक्ष रामप्रसाद तेकाम, सरपंच श्रीमती श्यामा भवेदी,भाजपा जिला उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद साहू,मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, महामंत्री गुलाब भवेदी,नायब तहसीलदार सुखमन सिंह कुलेश,सीईओ अरविंद कुमार बोरकर,खंड पंचायत अधिकारी के एल झारिया, बीएमओ चन्द्रशेखर धुर्वे, बीआरसी संतोष कुमार ठाकुर,खेल एवं युवा कल्याण विभाग समन्वय उषा मानिकपुरी, निर्णायक मलवा सिंह तेकाम,प्रदीप बैरागी, रोहित चन्द्रौल,रम्मू मानिकपुरी,प्रज्ञा जायसवाल सहित, जनपद पंचायत स्टाफ, पटवारीगण,शिक्षकगण, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# हँसनगर में स्थानीय लोगों ने जन भागीदारी से कराया नाली निर्माण



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** मुख्यालय के नजदीक ग्राम पंचायत देवरा अंतर्गत हंसनगर कॉलोनी में स्थनीय लोगों ने जनसहयोग से नाली निर्माण कार्य कराते हुए मिशाल पेश की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भवतारिणी नर्मदा मंदिर से डॉक्टर नन्हे सिंह के प्लाट अन्तर्गत दिलीप कुमार मरावी, प्रमोद कुमार मरावी, शिव प्रसाद मरावी ,सचिव राय भगत आदिवासी परधान समाज के मकान तक 500 फिट लंबी नाली का निर्माण कार्य किया गया है ,नाली निर्माण में लगभग 2.25 लाख रु व्यय हुआ है, नाली निर्माण कार्य में लगातार तन मन धन से जुड़कर रणजीत सिंह धुर्वे सहा.ग्रेड 3, दिलीप कुमार मरावी , प्रमोद कुमार मरावी, शिव प्रसाद मरावी सचिव राय भगत आदिवासी परधान समाज, थान सिंह आर्मो पटवारी, नौसादबाबा, बालमुकुंद धुर्वे बीएसएफ जवान, कुलदीप मरावी परधान शिक्षक, शैलेंद्र पट्टा, परधान ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, हिमेश बर्मन, राधा श्याम पेंद्रो, कीर्ति बनवासी, कमलेश मार्को,समेत तमाम लोगो के अथक परिश्रम और लगन से नाली निर्माण का कार्य पूर्ण हुआ है। स्थानीय लोगों के द्वारा जनसहयोग से कराये गए नाली निर्माण को देखने ग्राम पंचायत देवरा के सरपंच मौके पर पहुँचे, उन्होंने जनभागीदारी से किये गए काम की सराहना करते हुए कॉक्रीट सड़क निर्माण कराने का आश्वासन दिया है । स्थानीय लोगों ने जनसहयोग से महत्वपूर्ण उपयोगी काम किया है, जिसकी सराहना की जा रही हैं।

# विद्यार्थियों ने वन्य प्राणियों और जंगल संरक्षण की ली शपथ

**- वन और वन्यजीव के महत्व पर हुई चर्चा**



**डिंडौरी।** विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति जागरूक करने की मंशा के तहत मध्य प्रदेश इको विकास बोर्ड के निर्देश पर वन परिक्षेत्र डिंडोरी अंतर्गत वन क्षेत्र गोरखपुर में शनिवार को अनुभूति कैम्प का आयोजन वन विभाग द्वारा किया गया।आयोजन में जवाहर नवोदय विद्यालय धमनगांव के छात्र छात्राओं ने भाग लिया और वन और वन्यजीव संरक्षण की शपथ ली है।इस दौरान वन अधिकारियों ने विद्यार्थियों को वनक्षेत्र का भ्रमण करवाया गया और वनों से संबंधित विभिन्न जानकारियां देते हुए वनों के प्रति जागरूक किया गया।वन अमले ने ने विद्यार्थियों को वन और वन्यप्राणियों के साथ सकारात्मक रवैया अपनाने हेतु प्रेरित भी किया।गौरतलब है कि अनुभूति कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को सयुंक्त वन प्रबंधन, वन विभाग के कार्य, प्राकृतिक वातावरण में जीव और पक्षी दर्शन, विभिन्न प्रकार के वृक्षों की पहचान, उनके वैज्ञानिक नाम तथा औषधीय गुण से अवगत कराया जाता है। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों के ज्ञान को परखा जाता है।गोरखपुर के जंगल में आयोजित अनुभूति कार्यक्रम के दौरान बालक और बालिकाओं के बीच वनों के विषय में जानकारियों से संबंधित प्रश्नों की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई और सही जवाब और जानकारी देने वाले छात्रों को प्रोत्साहित किया गया।अनुभूति कैम्प के माध्यम से कलेक्टर विकास मिश्रा ने विद्यार्थियों को बतलाया कि वन तथा वन्य जीवन का संरक्षण आवश्यक है, क्योंकि वन अनेक प्रकार के पौधे, जीव जंतु तथा अन्य वन्य-जीवों के लिए आवास प्रदान करते हैं। इससे पारिस्थितिक संतुलन बना रहता है तथा सभी को अच्छा जीवन प्राप्त होता है।इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रुदेश परस्ते और उपाध्यक्ष अंजू जितेंद्र व्यौबहार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुऐ बतलाया कि जंगल जैव-विविधता तथा आनुवांशिक संसाधनों का संरक्षण करते हैं। जिससे वन्य जीवों की सामान्य तथा संकटग्रस्त प्रजातियों को उनके प्राकृतिक वातावरण में सुरक्षित आवास उपलब्ध होता है तथा उन्हें लुप्त होने से बचाया जाता है।कार्यक्रम में हर्ष प्रताप सिंह प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय रेंजर अतुल सिंह,शिक्षिका संचिता बनर्जी, अलका विश्वकर्मा, डिप्टी रेंजर प्रमोद पाटिल, शोभित वनवासी,अमृत मसराम,शिवभजन गोप, शिवनारायण साण्डया,सोमनाथ बनवासी, उदयभान धूर्वे, नितिन मार्को,वन रक्षक नीतेश धुर्वे,सुनीता मरावी गीता पेन्द्रों, ज्योति सरोज धुर्वे, सुनील कोरी, श्याम पट्टा,राजेश परस्ते और वन समिति अध्यक्ष कंचन परस्ते मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### युवा दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - करेली।** युवा दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय करेली में मध्यप्रदेश शासन के निदेर्शों के अनुरूप विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न हुए। प्रातः 9 बजे महाविद्यालय में प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों तथा एनएसएस एवं एनसीसी के केडिट्स के द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया । मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री का संदेश भी सभी को रेडियो के माध्यम से सीधा प्रसारण सुनवाया गया तत्पश्चात कार्यक्रमो की श्रंखला में एनसीसी के केडिट्स द्वारा पुनीत सागर अभियान दिवस के मौके पर भ्रष्टाचार मुक्त भारत अभियान को लेकर एक रैली आयोजन किया गया इसी क्रम में प्रधानमंत्री मोदी का संदेश तथा प्रेरक उद्बोधन भी सभी ने सीधा प्रसारण के माध्यम से सुना। महाविद्यालय में विवेकानंद जी के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमे छात्रों ने भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जिसमे प्रथम स्थान कार्तिक राजपूत बीएससी तृतीय वर्ष द्वतीय स्थान राहुल मिश्रा बीकॉम द्वतीय वर्ष तृतीय स्थान आकृति कौरव बीए प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। इसी दौरान विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद जी के द्वारा शिकागो में दिए गए व्याख्यान को भी ध्यान से सुना महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ ए के वाजपेयी के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के विचारों से प्रेरणा लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि नरेन्द्र से स्वामी विवेकानंद जी तक की यात्रा प्रेरणादायक व अनुकरणीय रही है इन कार्यक्रमों में महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की सहभागिता रही ।

### सप्तदिवसीय श्री भक्तमाल कथा का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज -करेली।** श्री भक्तमाल कथा 15 जनवरी से 22 जनवरी तक होगी कथा प्रारंभ 16 जनवरी समय 2 बजे 5 बजे तक मोनी बाबा आश्रम पुराना पुल सतधारा बरमान नर्मदा दक्षिण तट कथा वाचक अभिराम दास महाराज वृंदावनत्न यज्ञ आचार्य अभिषेक साकल्य काशी आयोजक हरगोविंद सोनी श्रीमति शकुंतला सोनी बारहा वाले (करेली) ने अधिक से अधिक संख्या में पधारकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है ।

### श्रीपंचमुखी हनुमान मंदिर तक निकली श्रीराम दरबार की शोभायात्रा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** शनिवार 13 जनवरी को श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति द्वारा नगर के मुख्य मार्गो से भगवान श्रीराम दरबार की शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभायात्रा राम मंदिर कंदेली से प्रारंभ हुई और नगर के मुख्यमार्ग से होते हुए जरजोला रोड स्थित श्री पंचमुखी हनुमानजी के मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु डीजे और बैण्डबाजे की धुन पर नाचे गाते शामिल हुए। श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में 18 जनवरी से 22 जनवरी तक श्रीराम दरबार की प्राणप्रतिष्ठा हेतु कार्यक्रम होंगे। 22 जनवरी को भण्डारे का आयोजन की होगा।

### विभिन्न शाखाओं की देखी व्यवस्था, अधिकारी रहे मौजूद

# कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** हमेशा चर्चा मे बना रहने वाले जिला चिकित्सालय का कलेक्टर द्वारा निरीक्षण किया गया तथा निरीक्षण के दौरान प्रशासन द्वारा लोगो को दी जानी वाली सभी सेवा शाखाओं की जांच की । उक्त मौके पर अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे । हालाकि जिला चिकित्सालय कर्मियों की लापरवाही के कारण आये दिन चर्चा मे बना रहता है । बीते दिनो डॉक्टर व कर्मचारी का विवाद काफी चर्चा मे रहा । उक्त मामले की शिकायत पुलिस से भी की गई थी ।

### इन विभागों का किया निरीक्षण

शनिवार को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लेबर रूम, एचडीयू आबसट्रेटिक कक्ष, ओपीडी में ट्राइज रूम, गर्भवती पंजीयन कक्ष, गर्भकालीन मधुमेह जॉच कक्ष, सुमन हेल्प डेस्क, एएनसी वार्ड, आक्सीजन प्लांट, फायर सेफटी लाईन, हाईरिस्क पोस्ट आपरेटिव वार्ड, प्रसव उपरांत भर्ती मरीजों के वार्ड, शिशु वार्ड, बाल्य गहन चिकित्सा इकाई पीआईयूसी वार्ड, एसएनसीयू, ब्लड बैंक, सेण्ट्रल पैथालॉजी, ब्लड कलेक्शन कक्ष, ट्रामा यूनिट में ओपीडी, डायलिसिस यूनिट, ड्रग भण्डार कक्ष, जिला वैक्सीन स्टोर कक्ष, कुष्ठ शाखा, रसोई कक्ष, जिला क्षय केन्द्र, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व जिला ड्रग स्टोर शाखा का निरीक्षण किया।

### परिजनों से ली गई जानकारी

जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा अस्पताल में भर्ती मरीज व उनके परिजनों से चर्चा कर मिलने वाले भोजन व सेवाओं के बारे मे भी जानकारी ली । निरीक्षण के दौरान समस्त कक्षों मे किए जा रहे रिकार्ड संधारण एवं साफ- सफाई, ब्लड स्टोर, एवं दवाईयों एवं उपकरणों की उपलब्धता ,ब्लड बैंक में की जा रही समस्त जॉचों, मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं एवं भोजन की मरीजों एवं उनके परिजनों से जानकारी ली गई। भ्रमण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. राकेश बोहरे सहित अन्य चिकित्सक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### हालातों मे नही हो पा रहे सुधार

जिला चिकित्सालय का अनेकों अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया तथा अधिकारी बदले जाने के बाद लोगों को आस बढ़ जाती है कि जिला चिकित्सालय की सुविधाओं मे भी सुधार आयेगा लेकिन अभी तक ऐसा नही हुआ और अधिकारी निरीक्षण कर निर्देश देकर चले जाते है लेकिन व्यवस्थायें जस के तस बनी रहती है । शनिवार को पुनः कलेक्टर द्वारा निरीक्षण किया गया व्यवस्थायें देखी गई और निरीक्षण के दौरान सभी सुविधायें दुरूस्त नजर आई लेकिन अधिकारी के जाने के बाद सभी सुविधायें अस्त व्यस्त हो जायेगी और लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ेगा ।



## प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिले योजनाओं का लाभः विधायक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** विकसित भारत यात्रा का उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाना और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के करीब लाने का साहसिक संकल्प लेना है। यह इस बात पर जोर देता है कि विकसित भारत की ओर यात्रा एक व्यक्तिगत प्रयास नहीं है बल्कि सभी वर्गों के लोगों को शामिल करने का एक सामूहिक प्रयास है विकसित भारत यात्रा तेंदूखेड़ा विधानसभा के ग्राम पंचायत टिकटोली,एवं ग्राम पंचायत पलोहा, और नीमच (धोखेढ़ा), पहुंची । जहां पर विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य एक सरकारी पहल के रूप में उज्ज्वला योजना, पीएम स्वनिधि, पीएम सुरक्षा बीमा, आयुष्मान भारत और कई अन्य केंद्रीय योजनाओं के कार्यान्वयन से संबंधित जागरूकता बढ़ाना है। कहा कि यह उनकी सरकार है जिसने गरीबों, किसानों, छोटे व्यापारियों और समाज के विभिन्न वर्गों की मदद की है। स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक विकास का लाभ कुछ बड़े शहरों तक ही सीमित था। लेकिन उनकी सरकार छोटे शहरों के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है और इससे विकसित भारत की नींव मजबूत होगी। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राव वीरेन्द्र सिंह ,राव शैलेश ,जिला उपाध्यक्ष राहुल ममार, जिला पंचायत सदस्य अंजू शुक्ला , अपिव मोर्चा जिला उपाध्यक्ष ईश्वर गुर्जर,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रजत पटेल, मंडल महामंत्री सीमांत राजपूत,राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि निरंजन पटेल,मंडल के अध्यक्ष मनोज शर्मा,सरपंच पहुप सिंह व जनपद पंचायत के सीईओ, तहसीलदार एवं सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी आशा कार्यकर्ता एवं सभी ग्रामीण जन मौजूद रहे।

## अयोध्या तीर्थ दर्शन को लेकर रेलवे की बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** विगत दिवस भारतीय जनता पार्टी की नगर मंडल अयोध्या तीर्थ दर्शन हेतु रेलवे समिति की बैठक संपन्न जिसमे 22 जनवरी प्रभु श्री राम जी की भव्य प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई उक्त अवसर पर राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने कहा की श्री राम जी प्रत्येक जनमानस के है एवं सभी को इस में मिल जुल कर कार्य करना चाहिए । इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंडित नीरज महाराज, जिला महामंत्री ,जिला उपाध्यक्ष रमाकांत धाकड़, जिला सह कार्यालयमंत्री शिशिर दुबे, जिला संयोजक श्रीकांत श्रीवास्तव,जिला मंत्री युवामोर्चा प्रवीण जाट,सुभाष साहू,रामदयाल पटेल,वैभव श्रीवास्तव, श्रीमती प्रियंका गोस्वामी एवं अन्य पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। मंच का संचालन नगर अध्यक्ष रमाकांत चौबे एवं आभार बालू महाराज ने किया।





### छात्र-छात्राओं को कराया योग अभ्यास

**हरिभूमि न्यूज - करेली।** विगत दिवस नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था कार्मेल विद्यालय में आज युवा दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में छात्र-छात्राओं को योग अभ्यास कराया गया। खेल शिक्षिका नीतू श्रीवास्तव ने युवा दिवस की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए ज्ञान वर्धन किया। शिक्षिका दीपशिखा श्रीवास्तव ने प्रतिदिन योग करने से होने वाले फायदे, योग को करने के सही नियमों एवं तरीकों के बारे में बताया। खेल शिक्षक अनिमेष शर्मा ने छात्र-छात्राओं को सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, कपालभाति, अनुलोम विलोम आदि योगाभ्यास कराए। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया।

# कोटा राजस्थान ने अमरावती को हरा कर सहकार कप के क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शनिवार को शिवाजी मैदान पर स्व कौशलेन्द्र रघुवंशी टी-20 लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में कोटा राजस्थान व अमरावती की टीम के मैच खेला गया। जिसमें कोटा राजस्थान की टीम ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए अमरावती को पराजित कर प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। कोटा राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 151 रन बनाए। जिसमें कोटा के ओपनर बल्लेबाज अभिमन्यु ने 34 बाल पर 7 चौके एवं 2 छक्के की मदद से 51 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। अंडर 19 राजस्थान प्लेयर अनास अली ने 45 बाल पर 5 चौके की मदद से 48 रन बनाए। अमरावती की ओर से गेंदबाज शुभम बाघ, केदार जगताप, मल्हार ने दो-दो विकेट लिए। वहीं 152 के लक्ष्य का पीछा करते हुए अमरावती के आकाश राउत की 7 गेंदों में तीन छक्के, दो चौके की मदद से 26 रनों की धुआंधार पारी के बाद भी अमरावती 14.4 ओवर में मात्र 91 रन बनाकर आल आउट हो गई। कोटा राजस्थान की ओर से इंडियन रेलवे रणजी ट्राफी प्लेयर भूपेंद्र यादव की शानदार गेंदबाजी 3.4 ओवर में 20 रन देकर चार महत्वपूर्ण विकेट लिए। कोटा राजस्थान के इंडियन रेलवे रणजी ट्राफी प्लेयर भूपेंद्र यादव को शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मैच के पूर्व अतिथियों पत्रकारगण संजय जैन, सुशांत पुरोहित, नीलेश जाट, संजय पचौरी, कमल तिवारी, ब्रजेश दीक्षित, अमित ओण्डेला द्वारा स्व कौशलेंद्र रघुवंशी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। कल रविवार 14 जनवरी को भिलाई और नागपुर के मध्य एवं नर्मदापुरम एवं जलगांव के मध्य मैच खेले जावेंगे।



## समस्याओं को लेकर मप्र शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** मप्र शिक्षक संघ नरसिंहपुर के द्वारा शिक्षकीय समस्याओं का निराकरण करने के लिए जिला कलेक्टर को संबोधित ज्ञापन विगत दिवस डिप्टी कलेक्टर श्रीमती परते को सौंपा गया। जिला अध्यक्ष अंचल शर्मा के नेतृत्व में डा सीएल कोष्टी, यूएस अग्रवाल, के एन दुबे, सुरेंद्र सिंह, अम्बरीष शर्मा, उमेश दुबे, गुलाब साहू, मोतीलाल कश्यप इत्यादि ने डिप्टी कलेक्टर को शिक्षकों की लंबित समस्याओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। प्रमुख रूप से 35 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों एवं कर्मचारियों को चतुर्थ क्रमोन्नति आदेश और 30 वर्षीय क्रमोन्नति के प्रस्ताव संबंधी आदेश जारी करने, सभी संवर्गों की वरिष्ठता सूची त्रुटि रहित करने, वार्षिक परीक्षाओं के पूर्व आयोजित किए जाने वाले प्रशिक्षण अन्य कार्यक्रमों से शिक्षकों को मुक्त रखे जाने, ऐसे शिक्षक जो संस्थानों में गणित, विज्ञान व अंग्रेजी जैसे विषयों को पढ़ाते हैं उन्हें बीएलओ कार्य से मुक्त रखने आदि मांगें प्रमुख रही। इसके अलावा जिला परामर्शदात्री एवं विभागीय परामर्शदात्री बैठकों को नियमित रूप से आयोजित करने एवं ग्रीष्म अवकाश में कार्य करने वाले शिक्षकों को अर्जित अवकाश की पात्रता आदेश, संगठन द्वारा दिए गए पात्रों/ज्ञापनों का शिक्षा विभाग द्वारा जवाब नहीं देने, डीए के लंबित एरियर्स राशि प्रदान करने हेतु बात की गई।



# महर्षि जी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** विद्यापीठ महर्षि आश्रम कपूरी रोड़ संजय वार्ड में महर्षि जी की 107 वीं जयंती ज्ञान योग दिवस के रूप में मनाई गई। जयंती को लेकर विविध कार्यक्रम हुए । कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज ने कहा कि महर्षी आश्रम में आकर में आनंद की अनुभूति होती है। यहां पर छात्र-छात्राओं को जो निशुल्क वैदिक सनातन परंपरा और संस्कृति की शिक्षा दी जा रही है वह निश्चित तौर पर प्रशंसनीय है। वहीं भावतीतध्यान और योग से भी लोगों को स्वस्थ्य रहने का कार्य किया जाता है। कार्यक्रम में नगरपालिका अजीत ठाकुर, पार्षद नीलकमल नीलू जैन, संतोष चौकसे, वरिष्ठ पत्रकार नीलेश जाट ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन अश्विनी भार्गव एवं आभार प्रदर्शन सतीश श्रीवास्तव ने किया। इसके पूर्व अतिथियों ने पूजन किया एवं श्री नरसिंह प्रभात फेरी द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए। उक्त मौके पर एसके चतुवेर्दी, संत सिंह जाट, सुभाष ठाकुर, प्रवीण जाट, बल्लू जाट,राकेश चोरसिया, आश्रम के प्रधानाचार्य सुनील शर्मा के अलावा क्षेत्रीय नागरिक आश्रम के कर्मचारी अधिकारी एवं शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थी थे। उक्त कार्यक्रम के पूर्व श्रीनरसिंह प्रभात फेरी द्वारा भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद का स्मरण करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।

### अभाविप का छात्र समागम का कार्यक्रम सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** विगत दिवस अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नरसिंहपुर द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की 161 वीं जयंती पर विशाल संगोष्ठी छात्र समागम का आयोजन स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में किया गया। जिसमे मुख्य वक्ता अभाविप महाकौशल प्रांत मंत्री माखन शर्मा , विशिष्ट अतिथि जालम सिंह पटेल , प्राचार्या डॉ ममता शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिला संयोजक कु. ओशी कुशवाहा ने बताया की अभाविप एक मात्र ऐसा छात्र संगठन है जो विगत 75 वर्षों से युवा दिवस को अपने राष्ट्रीय कार्यक्रम को अखिल भारतीय स्तर पर मनाता आ रहा है। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष रीतेश अग्रवाल , नगर मंत्री श्रेयांश गुप्ता, वैभव कतिया, सहित बड़ी संख्या में छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रांत कार्यकारिणी सदस्य प्रियांशु तिवारी ने किया।

